**मिलावट** स्थानीय तैनाती से गुणवत्ता जांच और बढ़ती है मिलावट की संभावना

## गृह क्षेत्र में सर्वेयर तैनाती से खरीदी में गड़बड़ी की आशंका



**नवभारत,जबलपुर।** जिले में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर गेहूं की खरीदी जल्द ही शुरू होने वाली है। इसके तहत गुणवत्ता जांच का काम निजी कंपनियों द्वारा किया जाता है, जबकि सर्वेयर नागरिक आपूर्ति निगम के अधिकारियों के निर्देशन में कार्यरत रहते हैं। विदित है कि पिछले कुछ वर्षों में यह देखा गया है कि सर्वेयरों की तैनाती अक्सर उनके गृह क्षेत्र में या लगातार एक ही केंद्रों पर की जाती है। इस व्यवस्था के कारण स्थानीय स्तर पर मिलीभगत की संभावना बढ़ जाती है। क्षेत्रीय पहचान और व्यक्तिगत संबंधों के चलते सर्वेयर दबाव में आ सकते हैं, जिससे गुणवत्ता जांच की निष्पक्षता प्रभावित होती है और गड़बड़ियों की आशंका बढ़ जाती है।

### नीति में बदलाव से लगेगा गड़बड़ियों में अंकुश

उल्लेखनीय है कि प्रशासन उपार्जन नीति में बदलाव करता है तो गेहूं खरीदी प्रक्रिया अधिक पारदर्शी होगी। खरीदी केंद्रों पर गुणवत्ता जांच निष्पक्ष तरीके से हो तो किसानों का विश्वास भी बढ़ता है।

खरीदी शुरू होने से पहले अगर तैनाती नीति में सुधार होता है तो भ्रष्टाचार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सकता है, साथ ही खरीदी प्रक्रिया भा सुचारू रूप से चलेगी।

### एक ही सर्वेयर की तैनाती पर लगे रोक

इस बार गेहूं उपार्जन से पहले यह जरूरी है कि तैनाती नीति में सुधार किया जाए। किसी भी सर्वेयर को उसके गृह क्षेत्र में जिम्मेदारी नहीं दी जानी चाहिए। जैसे कोई सर्वेयर पाटन का निवासी है तो उसे बरगी या सिहोरा जैसे अन्य क्षेत्रों में भेजा जाना चाहिए। इसके अलावा किसी भी समिति या केंद्र पर बार-बार एक ही सर्वेयर की तैनाती पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस तरह की व्यवस्था खरीदी प्रक्रिया में निष्पक्षता बनाए रखने में मदद करेगी और गड़बड़ियों को रोक सकेगी।

## मप्र में बढ़ा धर्मांतरण, भगवाधारी सरकार क्या फिर जीत पाएगी : टी राजा

**कहा, आने वाला समय युद्ध का होगा तैयारी नहीं तो गुलाम हो जाएंगे**

**बोले : सीएम मोहन को यूपी की तर्ज पर करना होगा काम**



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश में जबरन धर्मांतरण को लेकर कानून बना हुआ है सख्त सजा का प्रावधान है लेकिन सरकार सिर्फ कानून पारित कर कागजों में रख देती है जिसके चलते मप्र में तेजी से हिंदुओं धर्मांतरण बढ़ रहा है। इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो आदिवासी और हिंदू समाज खत्म हो जाएगा। आने वाला समय युद्ध का होगा जिसकी हमें तैयारी भी करनी होगी अगर ऐसा नहीं किया तो हमारी पीढ़ी गुलाम हो जाएगी। यह बयान तेलंगाना की गोशामहल सीट से विधायक टी राजा ने जबलपुर में हिंदू सेवा परिषद की गदा यात्रा में शामिल होते हुए दिया। आगे उन्होंने नौदरा ब्रिज चौराहे पर सभा को संबोधित करते हुए यह भी कहा कहा कि सीएम मोहन यादव को यूपी की तर्ज पर करना होगा वहां अगर कोई हमारी बहन-बेटी को आंख उठाकर भी देखता है, तो सख्त कार्रवाई होती है। हिंदू समाज के लोगों ने मिलकर भगवा सरकार बनाई लेकिन धर्मांतरण नहीं रूका। इस पर सीएम को विचार करना होगा कि अगर ऐसे ही धर्मांतरण चलता रहा तो क्या भगवाधारी सरकार फिर मप्र में जीतेगी। मोहन भैय्या से निवदेन है कि वे बहन-बेटी की सुरक्षा सुनिश्चित करें। अगर इस पर ध्यान नहीं दिया तो धीरे-धीरे आदिवासी और हिंदू समाज खत्म हो जाएगा।

### हमें हनुमानजी जैसा बनना होगा

टी राजा ने गदा यात्रा के दौरान कहा कि जितने भी गदाधारी हैं वे चुनाव के समय जब बैलेट मशीन में बटन दबाने जाएंगे तो उन्हें सिर्फ एक ही सिंबल दिखाई देता है और वह भगवे का है और गदा यात्रा का उद्देश्य है कि हमें हनुमानजी जैसा बनना होगा। घर में घुसकर मारने की आज जरूरत आन पड़ी है। हम सबको मिलकर उसी राह पर चलना है।

### ओवैसी, ममता पर भी गरजे

विधायक टी. राजा सभा में ओवैसी ब्रदर्स पर भी जमकर बरसे। उन्होंने कहा कि असदुद्दीन ओवैसी विपक्षी पार्टियों को ब्लैकमेल करते हैं कि चुनाव में उनके वोट काटेंगे, नहीं तो पैसे दो। वे पश्चिम बंगाल में चुनाव लड़ने नहीं धंधा करने गए हैं। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को लेकर उन्होंने कहा कि ममता बनर्जी ने बांग्लादेशियों को पनाह दे रखी है, जिनके वोट एसआईआर से कटेंगे और उन्हें वहां से जाना पड़ेगा। बंगाल में भगवा लहरायेगा।

## बारात से लौट रहे युवक को घेरकर चाकुओं से गोद डाला, मौत

**घोड़ा लात मार देगा कहना पड़ा भारी, तीन गिरफ्तार, पांच फरार**



**नवभारत,जबलपुर।** हनुमानताल थाना अंतर्गत नूरानी गेट में एक शादी समारोह के दौरान शुरू हुआ मामूली विवाद खूनी रंजिश में बदल गया। घोड़े से दूर हटने की सलाह देना एक युवक को इतना भारी पड़ा कि आठ आरोपियों ने उसे रास्ते में घेरकर चाकुओं से गोद कर मौत के घाट उतार दिया। पुलिस ने हत्या का प्रकरण दर्ज कर तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि पांच अब भी फरार है जिनकी सरगर्मी से तलाश जारी है।

पुलिस ने बताया कि नयापुल मोतीनाला निवासी मोनू अपने साथियों सोहराब, बादशाह और अमन के साथ शादी-ब्याह में घोड़ा-बग्घी चलाने का काम करता था। शनिवार रात करीब 11 बजे वे नूरानी गेट के पास एक बारात में शामिल थे। इसी बीच घोड़े के पीछे खड़े जीशान नामक युवक को मोनू ने सुरक्षा के लिहाज से टोका कि पीछे मत खड़े हो, घोड़ा लात मार देगा। जीशान इस बात को लेकर आपा खो बैठा। मौके पर मौजूद लोगों ने उस वक्त विवाद शांत करा दिया, लेकिन जीशान देख लेने की धमकी देकर वहां से चला गया।

### ताबड़तोड़ चाकुओं से वार, बचाने आए युवक को भी मारा

24 वर्षीय मोनू उर्फ मोहम्मद सादिल के के पेट और जांघ में गहरे घाव हुए, जबकि उसे बचाने आए सोहराब को भी चोटें आईं। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। लहूलुहान हालत में मोनू को विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया, जहाँ डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही अस्पताल परिसर में चीख-पुकार मच गई और भारी भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने सोहराब की शिकायत पर पुलिस ने सभी नामजद आरोपियों के खिलाफ हत्या और अन्य गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। इसके साथ ही जीशान, साकिर, तनवीर को गिरफ्तार कर लिया है जबकि फरहान, गुलेशर, डी नौशाद, याशीन, और शहबाज अब भी फरार है।

### आधी रात को खूनी साजिश, 4 बाइक पर आए 8 हमलावर

जब मोनू और उसके साथी काम खत्म कर रात करीब 12 :15 बजे घोड़ा वापस छोड़ने जा रहे थे। स्लाटर हाउस से आगे समा प्राइमरी स्कूल के पास घात लगाए बैठे 8 बदमाशों ने उन्हें चारों तरफ से घेर लिया। हमलावरों में जीशान, शहबाज, गुलशेर, डी नौशाद, फरहान, याशीन, साकिर और तनवीर शामिल थे। आरोपियों ने चिल्लाते हुए कहा, बारात में बड़ा हीरो बन रहा था, आज इसे खत्म कर दो। इसके बाद जीशान, शहबाज और गुलशेर ने चाकू निकालकर मोनू पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया।

## घमापुर में सरेराह चली गोलियां, युवक घायल

**नवभारत,जबलपुर।** घमापुर थाना अंतर्गत कांचघर क्षेत्र में बीती रात उस समय सनसनी फैल गई, जब पुरानी रंजिश को लेकर दो बदमाशों ने एक युवक पर पिस्टल से ताबड़तोड़ फायरिंग कर दी। हमले में युवक के पैर में गोलियां लगी हैं, जिसे गंभीर हालत में विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, चांदमारी दुर्गा मंदिर के पास रहने वाला 23 वर्षीय यश थोराट निजी काम करता है। सोमवार की रात करीब 9:15 बजे यश अपने साथी बिन्नू उर्फ निखिल श्रीवास और



चीकू उर्फ सौम्य सिंह के साथ मयूर कला मंदिर स्थित अपना स्वीट्स के पास खड़ा होकर बातचीत कर रहा था। तभी कांचघर की ओर से हरे रंग की एक्सिस स्कूटी पर सवार होकर दो युवक बाबू उर्फ कृष्णा हासवानी और निखिल उर्फ कंजा सिंधी वहां पहुंचे। स्कूटी निखिल चला रहा था और बाबू पीछे बैठा था। यश को देखते ही पुरानी रंजिश के चलते बाबू ने कमर से पिस्टल निकाली और जान से मारने की नीयत से उस पर फायर कर दिया।

### जान बचाकर भागा, फिर भी मारी गोली

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, पहली गोली यश के दाहिने पैर की जांघ में पीछे की तरफ लगी। घायल होने के बावजूद यश अपनी जान बचाने के लिए वहां से भागा, लेकिन हमलावरों का खून सवार था। आरोपियों ने पीछे से दूसरा फायर किया, जो फिर से यश के पैर में लगा। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों आरोपी स्कूटी से चौरसिया पान दुकान की तरफ भाग निकले। पुरानी रंजिश को लेकर हुए इस हमले में आरोपी बाबू उर्फ कृष्णा हासवानी और निखिल उर्फ कंजा के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

## डिवाइडर से टकराई बाइक, चालक की मौत

**लखनादौन से लौटते समय तिलवारा हाईवे पर हुआ हादसा**

**नवभारत,जबलपुर ।** तिलवारा थाना अंतर्गत जल शोधन संयंत्र के सामने नागपुर-कटनी नेशनल हाईवे पर तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से जा टकराई। इस भीषण सड़क हादसे में लखनादौन से लौट रहे 19 वर्षीय युवक की उपचार के दौरान मौत हो गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, लम्हेटा रोड चौकीताल निवासी अनुराग पटेल (16) ने पुलिस को सूचना कि उसका बड़ा भाई शिवम पटेल (19) डीजे संचालन का कार्य करता था। शिवम अपनी मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 20 जेड एक्स 4901 पर सवार होकर लखनादौन से वापस लौट रहा था। जैसे ही वह तिलवारा स्थित जल शोधन संयंत्र के पास पहुँचा, उसकी बाइक अचानक अनियंत्रित हो गई और तेज रफ्तार में डिवाइडर से टकराते हुए लोहे की रेलिंग में जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि शिवम के माथे, नाक और सीने में गंभीर अंदरूनी चोटें आईं। राहगीरों की सूचना पर तत्काल 108 एम्बुलेंस मौके पर पहुँची और घायल को मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया जहां करीब एक घंटे बाद शिवम ने दम तोड़ दिया। हादसे में शिवम की मोटरसाइकिल भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है। पुलिस ने मृतक के भाई की सूचना पर पंचनामा कार्यवाही की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस अब दुर्घटना के कारणों की विस्तृत जांच कर रही है ।



### राज्यपाल मंगुभाई पटेल आज आएंगे डुमना

**नवभारत, जबलपुर।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल का बुधवार 1 अप्रैल की दोपहर 2.30 बजे मंडला जिले के बिछिया से कार द्वारा डुमना एयरपोर्ट जबलपुर आगमन होगा। राज्यपाल श्री पटेल डुमना एयरपोर्ट से दोपहर 2.50 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा भोपाल प्रस्थान करेंगे।

## कोचिंग व रहवासी क्षेत्र में शराब दुकान का विरोध

**कलेक्टर से मुलाकात कर दर्ज कराई आपत्ति, आंदोलन की चेतावनी**



**नवभारत, जबलपुर।** मदन महल लिंक रोड स्थित शराब दुकान को लेकर क्षेत्र में एक बार फिर विवाद गहरा गया है। कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ, कोचिंग संस्थानों के छात्र-शिक्षकों और स्थानीय रहवासियों ने संयुक्त रूप से कलेक्टर से मुलाकात कर अपनी आपत्ति दर्ज कराई है। प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि शराब दुकान को पुलिस चौकी के पास त्रिपाठी की दुकान में स्थानांतरित किए जाने की खबरें क्षेत्र में फैल रही हैं, जिससे असंतोष बढ़ रहा है। व्यापारियों ने मांग की कि वर्तमान स्थान से दुकान को कहीं और अनियंत्रित रूप से न हटाया जाए। प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्र की धार्मिक और सामाजिक संवेदनशीलता का हवाला देते हुए कहा कि यहां से विभिन्न धर्मों की यात्राएं निकलती हैं और जैन मुनियों सहित अन्य समाजों का नियमित आवागमन रहता है, इसलिए अमन-शांति बनाए रखना आवश्यक है। व्यापारी संघ ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांग नहीं मानी गई तो वे सड़कों पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। हालांकि आबकारी विभाग के अधिकारी ने इन खबरों को भ्रामक बताया, जिसको लेकर कलेक्टर द्वारा एसडीएम को जांच के निर्देश दिए गए हैं। इस मौके पर धनंजय बाजपेई, राकेश चक्रवर्ती, आनंद तिवारी, विजय गुप्ता, अभिषेक पटेल, अखिलेश मेहता, विवेक कोहली, आनंद गुप्ता, विजय साहू, संतोष गुप्ता, संतोष पटेल, आकाश पटेल, रजनीकांत पटेल सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## एमपी स्टेट बार चुनाव : दो अप्रेल से मिलेंगे नामांकन फार्म, दिव्यांगों के लिए विशेष रियायत

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल के निवार्चन अंतर्गत नामांकन प्रक्रिया प्रारंभकी जा रही है। निर्धारित शुल्क पांच हजार जमा करने पर नामांकन फार्म दो अप्रैल से प्राप्त किए जा सकेंगे। दिव्यांग श्रेणी के अंतर्गत नामांकन फॉर्म प्राप्त करने के इच्छुक अधिवक्ताओं को जिला अथवा संभागीय मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी न्यूनतम 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा। प्रमाण पत्र के सत्यापन उपरांत पांच सौ रुपये शुल्क जमा करने पर उन्हें नामांकन फॉर्म प्रदान किया जाएगा। निर्वाचन अधिकारी न्यायमूर्ति एसके पालो ने बताया कि नामांकन फार्म स्टेट बार कार्यालय से चालान अथवा डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से प्राप्त किया जा सकेगा। डिमांड ड्राफ्ट हाईपावर्ड इलेक्शन कमेटी के नाम से यूनियन बैंक या एसबीआई, जबलपुर में देय होगा। प्रत्येक प्रत्याशी को एक सेट प्रदान किया जाएगा, जिसमें दो नामिनेशन फार्म व दो डिक्लेरेशन फार्म सम्मिलित होंगे। सभी प्रत्याशियों को निर्धारित नामांकन शुल्क डिमांड ड्राफ्ट अथवा चालान के माध्यम से जमा करना अनिवार्य होगा।

## नियमों के उल्लंघन पर शराब दुकान सहित 10 पर लगाया जुर्माना



**स्वच्छता से बिल्कुल नहीं होगा समझौता : निगमायुक्त**

**नवभारत,जबलपुर।** निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार मंगलवार सुबह से ही शहर की व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने के लिए सड़कों पर उतरे। उन्होंने कचरे से ऊर्जा बनाने वाले 'वेस्ट टू एनर्जी प्लांट' से लेकर कृषि उपज मंडी तक के विस्तृत क्षेत्र का सघन दौरा कर विकास कार्यों की जानकारी ली।

दौरे की शुरुआत में निगमायुक्त ने वेस्ट टू एनर्जी प्लांट की कार्यप्रणाली देखी और कचरा निष्पादन की गति बढ़ाने के निर्देश दिए। निर्माणाधीन वाशिंग स्टेशन के निरीक्षण के दौरान उन्होंने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता और समय-सीमा का विशेष ध्यान रखा जाए। इसके उपरांत उन्होंने दीनदयाल बस स्टैंड से चंडालभाटा और कृषि उपज मंडी तक पैदल भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान गंदगी और अव्यवस्था पाए जाने पर एक शराब दुकान पर 5,000 रुपये का जुर्माना भी लगाया गया। इसके अलावा कुल 10 अन्य मामलों में नियमों के उल्लंघन पर मौके पर ही चालान काटते हुए 7,500 रुपये की अर्थदंड वसूली की गई।

### 15 अप्रैल के पहले करें व्यवस्थित कार्य

इस मौके पर निगमायुक्त ने अधिकारियों से कहा कि वे 15 अप्रैल के पहले सिटी प्रोफ़ाइल के अनुरूप स्वच्छता सर्वेक्षण के कार्यों को व्यवस्थित पूरा कराएं। भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य, उद्यान, अतिक्रमण और लोककर्म विभाग के अमले को निर्देशित करते हुए निगमायुक्त ने कहा कि सभी विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय बनाकर शहर की सफाई व्यवस्था के अलावा अन्य सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष कर निर्देशित किया कि स्वच्छता अभियान हमारे लिए सर्वोपरि है।

## 24 घंटों के लिए बंद रहेगा मार्ग !

**जबलपुर, नवभारत।** देश को अंग्रेजों की गुलामी से आजाद हुए 78 साल पूरे हो चुका है, किंतु अभी भी जबलपुर में उनके कुछ कानून अमल में लाये जा रहे हैं, जिनमें सुरक्षा संस्थानों की सड़कों का उपयोग करने पर हर वर्ष 24 घंटे का प्रतिबंध लगाना शामिल है। इस बार फिर से आयुध निर्माणी खमरिया (ओएफके) ने अपने क्षेत्र की समस्त सड़कों को अगले 24 घंटे तक प्रवेश करने से निषिद्ध कर दिया है। ओएफके प्रशासन ने इसके लिए बकायदा सार्वजनिक सूचना क्षेत्र में प्रसारित की है, जिसमें स्पष्ट किया गया है कि 31 मार्च की अर्धरात्रि 12 बजे से 1 अप्रैल की रात 12 बजे (24 घंटे) तक प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी आयुध निर्माणी खमरिया इस्टेट से आने-जाने वाले सभी मार्ग आमजनों के लिए बंद रहेंगे ओएफके प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इन 24 घंटों में केवल आपातकालीन सेवाएं जैसे एम्बुलेंस, स्टाफ कारों, स्कूल बसों एवं अग्निशमन को ही प्रवेश की अनुमति होगी इसके अलावा शेष किसी भी वाहनों के प्रवेश की अनुमति नहीं रहेगी। बता दे कि ओएफके ही नहीं बल्कि गन कैरिज फैक्ट्री (जीसीएफ), व्हीकल फैक्ट्री जबलपुर (व्हीएफजे) भी हर साल इसी तरह 24 घंटों के लिए अपने क्षेत्र में अपना आधिपत्य दिखाने के लिए इसी तरह आम लोगों के आवागमन पर प्रतिबंध लगाता है।

## डेढ़ तोला सोना, 38 तोला चांदी समेत कैश ले गए चोर

**हटा गया था परिवार, सूने घर में चोरी**

**नवभारत,जबलपुर।** अधारताल थाना अंतर्गत पासी मोहल्ला में चोरों ने एक सूने मकान का ताला तोड़कर डेढ़ तोला सोना, 38 तोला चांदी समेत 75 हजार रुपये नकद पर हाथ साफ कर दिया। घटना के समय पीड़ित परिवार अपने पैतृक गांव हटा गया हुआ था। मंगलवार को पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, पासी मोहल्ला गणेश चौक, कटरा निवासी शान मोहम्मद मस्जिदों में बच्चों को पढ़ाने का कार्य करते हैं, 28 मार्च को सुबह करीब 9 बजे अपने घर में ताला लगाकर सपरिवार जिला दमोह के हटा स्थित अपने पुराने घर गए थे। 29 मार्च की रात करीब 10 बजे उनके पड़ोसी कुतुबुद्दीन ने फोन पर सूचना दी कि उनके घर का दरवाजा खुला है और ताला टूटा हुआ पड़ा है। पीड़ित शान मोहम्मद ने बताया कि सूचना मिलने के बाद उन्होंने अपने चचेरे भाई शहजाद को नया ताला लगाने के लिए भेजा। जब वे स्वयं 30 मार्च की सुबह करीब 11 बजे घर पहुंचे, तो देखा कि पुराना ताला नाली में टूटा पड़ा था। घर के भीतर सारा सामान अस्त-व्यस्त था और गोदरेज अलमारी के लॉकर टूटे हुए थे। चोरों ने अलमारी में रखा सोना का लगभग डेढ़ तोले का एक हार, 26 तोला और 12 तोले की दो जोड़ी पायल कुल 38 तोला, 5 चांदी के सिक्के, चांदी की अंगूठी और एक कमर का सेट समेत नकदी करीब 75,000 रुपये नगद पार हाथ साफ कर दिया। मंगलवार को पुलिस ने रिपोर्ट पर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर लिया । पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है और संदिग्धों से पूछताछ कर रही है।

### यहां पेट्रोल पंप संचालक समेत दो घरों में चोरी

भेड़ाघाट थाना अंतर्गत आमाहिनौता में चोरों ने एक सूने मकान को अपना निशाना बनाया है। माढ़ोताल थाना अंतर्गत स्टार सिटी फेस-1 नक्षत्र नगर में शातिर चोरों नेपेट्रोल पंप संचालक के सूने मकान का ताला तोड़कर न केवल 60 हजार रुपये नगद, बल्कि कीमती साड़ियाँ, लहंगा और चांदी के जेवरात भी चोरी कर लिए। भेड़ाघाट पुलिस ने बताया कि आमाहिनौता निवासी मीनाक्षी तिवारी का ताला तोड़कर चोर अलमारी में रखे 5,000 रुपये नगद, एलसीडी टीवी, 2 गैस सिलेंडर समेत अन्य सामान ले गए। इसी प्रकार माढ़ोताल पुलिस ने बताया कि अंकुर गुप्ता (40) एनएच-30 मंडला रोड पर एचपी पेट्रोल पंप के संचालक हैं, वे घर का ताला बंद कर सतना गए थे। चोरों ने आलमारी में रखे नगदी 60,000 रुपये, जेवर, कपड़े, अन्य सामान पार कर दिया।

**निर्देश** प्रमुख सचिव ने पशु चिकित्सकों को दिए महत्वपूर्ण निर्देश

## नस्ल सुधार और योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें



**नवभारत, जबलपुर।** प्रमुख सचिव पशुपालन एवं डेयरी विभाग उमाकांत उमराव ने जिले में पदस्थ सभी पशु चिकित्सकों को पशुओं में नस्ल सुधार पर विशेष ध्यान देने और विभागीय योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ऋण वितरण और योजनाओं की प्रगति सुनिश्चित करें। बैठक में प्रमुख सचिव ने डॉ भीमराव अंबेडकर कामधेनु योजना के प्रकरणों को बैंकों से त्वरित स्वीकृति दिलाने और आवेदकों को ऋण वितरण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में चयनित क्षीरधारा ग्रामों में संचालित गतिविधियों और दुग्ध समृद्धि संपर्क अभियान की भी विस्तार से समीक्षा की। बैठक में सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों ने फील्ड में आ रही समस्याओं और उनके समाधान पर विस्तार से चर्चा की। इस अवसर पर संयुक्त संचालक डॉ व्ही एन मिश्रा और उप संचालक डॉ प्रफुल्ल मून भी उपस्थित थे।

### उत्कृष्ट कार्यकर्ताओं की सराहना की

प्रमुख सचिव ने कृत्रिम गर्भाधान कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले पशु चिकित्सा सहायक शल्यज्ञों और सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारियों की सराहना की। वहीं, कम प्रदर्शन वाले अधिकारियों को कार्यशैली सुधारने और फील्ड कार्य में अधिक सक्रियता दिखाने के लिए निर्देशित किया।

### पशु चिकित्सालय का किया निरीक्षण



प्रमुख सचिव ने अपने जबलपुर प्रवास के दौरान पाटन विकासखण्ड के क्षीरधारा ग्राम नुनसर के पशु चिकित्सालय का निरीक्षण कर वहां चल रही गतिविधियों का जायजा लिया।